एक नजर

जिले में पर्याप्त है यूरिया व फास्फेटिक उर्वरक, फार्मर रजिस्ट्री जरूरी

अम्बेडकरनगर। जिले में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि नवंबर तक यूरिया की उपलब्धता 28731 मीट्रिक टन रही जबकि वर्तमान में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र में संयुक्त रूप से 27849 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। इसी प्रकार डीएपी 5652 एनपीके 5040 एसएसपी 12568 और एमओपी 337 मीट्रिक टन उपलब्ध है।कृषि विभाग ने किसानों से उर्वरक प्राप्त करने से पहले फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य बताया है। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुई है वे तहसील में जाकर खतौनी का अंशनिर्धारण कराकर रजिस्ट्री करा लें ताकि उर्वरक लेने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।वहीं उर्वरक बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं को सूचित किया गया है कि निवेश मित्र 2.0 पोर्टल 15 नवंबर से बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद लाइसेंस संबंधी सभी कार्य निवेश मित्र 3.0 पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे। उर्वरक से संबंधित समस्या या शिकायत के लिए जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9198886916 पर संपर्क किया जा सकता है।

दो साल से लापता युवती की सकुशल बरामदगी में जुटी एएचटीयू टीम सम्मानित



अम्बेडकरनगर। थाना भीटी क्षेत्र से दो वर्ष से अधिक समय से लापता अपहृता की सकुशल बरामदगी में अहम भूमिका निभाने वाली एएचटीयू टीम को सम्मानित किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र सोमेन बर्मा की ओर से टीम के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।थाना भीटी में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 52/2024 धारा 363 504 और 506 भादवि से संबंधित अपहृता को एएचटीयू टीम ने अथक प्रयास के बाद 24 सितंबर 2026 को सकुशल बरामद किया था। मामले में टीम के उपनिरीक्षक जैद अहमद मुख्य आरक्षी रामजी यादव और महिला आरक्षी निधि कुशवाहा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सोमवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने एएचटीयू प्रभारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर टीम को सम्मानित किया। उन्होंने टीम के प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह तत्परता से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

यातायात माह के दूसरे दिन चला जागरूकता व चेकिंग अभियान



अम्बेडकरनगर। यातायात माह के दूसरे दिन सोमवार को यातायात पुलिस और एआरटीओ की संयुक्त टीम ने नगर क्षेत्र और हाईवे पर जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक यातायात जय बहादुर यादव एवं एआरटीओ सत्येन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने वाहन चालकों और आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।अभियान के दौरान नो.एंट्री और ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों के साथ अस्पतालए बाजारए बस स्टैंड टेंपो स्टैंड सार्वजनिक स्थलों तथा होटल.ढाबों पर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। ट्रक और ट्रैक्टर चालकों को भी सड़क सुरक्षा के संबंध में आवश्यक सावधानियां बताई गईं। ध्वनि प्रदूषण और मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों की जांच करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाए गए और यातायात नियमों से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए। दोपहिया चालकों को हेलमेट तथा चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई के लिए इंटरसेप्टर मोटरसाइकिल से लगातार निगरानी की जा रही है।

कोषागार आए बिना ऑनलाइन जमा कर सकेंगे पेंशनर्स जीवित प्रमाण पत्र

अम्बेडकरनगर। पेंशनर्स को अब जीवित प्रमाण पत्र जमा करने के लिए कोषागार कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि शासकीय व्यवस्था के तहत कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स डिजिटल माध्यम से घर बैठे अपना जीवित प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। पेंशनर्स जीवन प्रमाण पोर्टल पर स्वयं लॉगिन कर प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इसके अलावा एंड्रॉयड मोबाइल के प्ले स्टोर से और इंस्टॉल कर आधार नंबर मोबाइल नंबर और ई.मेल आईडी दर्ज करने के बाद ओटीपी के माध्यम से पेंशन संबंधी विवरण भरकर डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है।यदि डिजिटल प्रमाण पत्र जमा करने में तकनीकी समस्या आती है तो पेंशनर्स कोषागार कार्यालय में उपस्थित होकर भी जीवित प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। इसके लिए पीपीओ बैंक पासबुक और आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ मूल दस्तावेज लेकर कार्यालय दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक उपस्थित होना होगा। इससे नवंबर.दिसंबर में जीवित प्रमाण पत्र जमा करने के लिए कोषागार में होने वाली भीड़ से भी राहत मिलेगी।

त्योहार से पहले खाद्य विभाग की जारी है छापामारी की कार्यवाही

बहराइच। सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. अमर सिंह वर्मा ने बताया कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ.प्र.. एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर आगामी त्योहार के दृष्टिगत मिलावटी मिठाइयों एवं खाद्य पदार्थों पर प्रभावी अंकुश के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, बहराइच एवं अन्तर्जनपदीय टीमों द्वारा बड़ी छापेमारी की कार्रवाई की गई।खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की 02 टीमों द्वारा जरवल रोड कैसरगंज, रिसिया बाजार, गम्भीरवा आदि बाजारों में छापामार कार्यवाही की गयी। उक्त छापे के दौरान जरवल रोड, तूफानी चौराहा स्थित बंगाली मिष्ठान भण्डार पर फ्रीजर में रखे कई दिन पुराने दूषित छेना, रसगुल्ला मात्रा लगभग 125 कि0ग्रा0 को नष्ट करा दिया गया, उसके बाद जरवल रोड की बाजार बंद हो गयी। तदोपरान्त टीम ने कैसरगंज स्थित झगरू स्वीट शॉप से खोया का नमूना एवं तहसील के निकट स्थित बद्री स्वीट शॉप से दूध बर्फी एवं मिल्क केक का नमूना लिया गया। दूसरी टीम के द्वारा रिसिया बाजा स्थित विनायक इंटरप्राइजेज से छेना रसगुल्ला एवं गुलाबजामुन का नमूना लिया गया तथा गम्भीरवा बाजार स्थित यादव मिष्ठान भण्डार से दूध बर्फी एवं मिल्क केक तथा सुरेश स्वीट शॉप से पेड़े का नमूना लिया गया। शिवनगर में 01 प्रतिष्ठान से दूध का नमूना लिया गया।खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में सहायक आयुक्त डॉ. अमर सिंह वर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार , खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार , आदित्य अजय कुमार सिंह, कृपा शंकर, विनय कुमार, अनूप सिंह श्रीमती प्रीती वर्मा आदि शामिल रहे।

05 नवम्बर से प्रारम्भ होगा लहसुन एवं प्याज़ के बीज का वितरण

बहराइच। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि कृषकों को औद्यानिक विकास की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रदेश में संचालित एकीकृत बागवानी मिशन, मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना एवं अनुसूचित जाति/जनजाति कृषकों हेतु विकास की योजना अन्तर्गत विभाग में पंजीकृत कृषकों को प्याज एवं लहसुन बीज वितरण का कार्य 05 नवम्बर 2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से प्रारम्भ किया जा रहा है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक कृषक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से विभागीय पोर्टल वन डाट यूपीहर्टीकल्चर डाट कॉम पर स्वयं अथवा जनसेवा केन्द्र के माध्यम से पंजीकरण कर कसते हैं।जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि पंजीकरण, कार्यालय में प्रस्तुत अभिलेख/कोटेशन के आधार पर ''प्रथम आवक-प्रथम पावक'' वरीयता के आधार कृषकों का चयन किया जायेगा। पंजीकृत कृषकों को सुझाव दिया गया है कि खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति, फोटो इत्यादि अभिलेखों के साथ बीज वितरण के समय प्रस्तुत करें, ताकि उन्हें नियमानुसार बीज का वितरण किया जा सके।

चार टीमों में सजेगी क्रिकेट की महफिल, 9 नवंबर से जीएसपीएल का महासंग्राम

गोण्डा। क्रिकेट के रोमांच और खेल भावना का संगम बनने जा रही सिंधी प्रीमियर लीग (जीएसपीएल) के चतुर्थ संस्करण का आयोजन 9 और 10 नवंबर को पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगा। दो दिवसीय इस क्रिकेट महाकुंभ में चार टीमें खिताब के लिए जोर आजमाइश करेंगी। दोनों दिन सुबह नौ बजे से मुकाबले शुरू होंगे। टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह है और टीमों की तैयारियां भी तेज हो गई हैं।प्रतियोगिता के लिए पूज्य झूलेलाल धर्मशाला में खिलाड़ियों की नीलामी आयोजित की गई। इसमें खिलाड़ियों पर बोली लगाने को लेकर टीम संचालकों में



खासा उत्साह देखने को मिला। जीएसपीएल के मीडिया प्रभारी किशन राजपाल ने बताया कि नीलामी में अंकित ठाकुर 20,100 अंक की बोली के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। वहीं शोभित चुंगलानी 19,100 अंक, सार्थक राजपाल और निखिल वाधवानी 18,100-18,100 अंक तथा अमन लधानी 15,100 अंक में खरीदे गए।टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली चारों टीमों के कप्तान और प्रायोजकों की भी घोषणा कर दी गई है। पहली टीम की कमान सचिन रायतानी संभालेंगे, जिसके प्रायोजक श्याम रायतानी हैं। दूसरी टीम के कप्तान योगी शादेजा और प्रायोजक विजय रायतानी होंगे। तीसरी टीम का नेतृत्व शुभ खत्री करेंगे, जबकि रॉबिन ठक्कूर इसके प्रायोजक हैं। चौथी टीम की कमान राम रायतानी के हाथों में होगी और मयूर रायतानी इसके प्रायोजक रहेंगे।आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए मुख्य प्रायोजक अशोक राजपाल हैं। सभी मुकाबले कैनवस बॉल से 10 ओवर के खेले जाएंगे। विजेता ट्रॉफी के प्रायोजक सुशील रायतानी और उपविजेता ट्रॉफी के प्रायोजक कपिल लधवानी हैं।आयोजन समिति में सुधीर रायतानी, प्रकाश रायतानी, सुमित रायतानी सहित अन्य सदस्य आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में चौकों-छक्कों की बरसात और रोमांचक मुकाबलों के बीच क्रिकेट प्रेमियों को खेल का भरपूर आनंद मिलने की उम्मीद है।

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला

करनैलगंज, गोण्डा। सरयू डिग्री कॉलेज में सोमवार को नशामुक्त युवा एवं विकसित भारत विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र को कमजोर करता है। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति उनके भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है। विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं का स्वस्थ, जागरूक, अनुशासित और नशामुक्त होना जरूरी है। युवाओं से नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डॉ. पवन मिश्र सहित डॉ. जगन्नाथ तिवारी,कर्मचारी मौजूद रहे।

मोबाइल के दुरुपयोग से ब्रह्मचर्य पर हुआ कुठाराघात - पं. मिथिलाशरण

शिवदयालगंज गोण्डा। स्थानीय क्षेत्र के सिद्धपीठ कटरा कुटी धाम पर श्री हनुमान जयंती महोत्सव के अवसर पर चल रही सात दिवसीय पावन श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पं. मिथिलाशरण पांडे ने युवाओं को पाश्चात्य संस्कृति के दुष्प्रभाव से बचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान और मोबाइल प्रौद्योगिकी के अत्यधिक दुरुपयोग ने आज के युवाओं को ब्रह्मचर्यहीन बना दिया है, जिससे ब्रह्मचर्य की महिमा पर बहुत बड़ा कुठाराघात हुआ है।

कथा व्यास ने कहा कि ब्रह्मचर्यहीन युवा विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती को कभी धारण नहीं कर सकता। यही कारण था कि प्राचीन काल में गुरुकुल की व्यवस्था थी, जहां रहकर युवा ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए शिक्षा ग्रहण करते थे।

हनुमान के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए व्यास जी ने कहा कि राम कथा के सर्वोत्तम उपासक हनुमान जी महाराज हैं और आज के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। राम काज कीन्हे बिनु मोहि कहां विश्राम卐 की वैचारिक शक्ति केवल सत्संग और श्रीराम कथा के माध्यम से ही प्राप्त हो सकती है। हनुमान जी ने प्रभु श्रीराम के सारे कार्य किए, परंतु कभी अपने नाम की आकांक्षा नहीं रखी।

रामचरितमानस के चार घटकों और सात कांडों का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि सुंदरकांड हनुमान जी का पावन जीवन चरित्र है। गोस्वामी तुलसीदास जी का हनुमान से सद्गुरु भाव का सहज संबंध है, जो प्रभु श्रीराम को भी अत्यंत प्रिय है। इसीलिए संतों और महात्माओं के अनुसार सुंदरकांड के पाठ का विशेष प्रतिफल प्राप्त होता है।

पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कथा व्यास ने कहा कि प्रभु की इच्छा के बिना हम एक सांस भी नहीं ले सकते, किंतु यदि हम प्रकृति के प्रति अभी सचेत नहीं हुए तो आने वाला समय बहुत गंभीर होगा।

इस दौरान कथा व्यास ने प्रभु श्रीराम की बाल लीलाओं के प्रसंग को रोचक व मधुर भजनों के माध्यम से प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

इस अवसर पर महंत चिन्मयानंद महाराज, यज्ञाचार्य प्रेम नारायण शास्त्री, मुख्य यजमान भाग्यवती देवी, मुख्य व्यवस्थापक रामगोपाल सिंह, कार्यक्रम संयोजक विनोद कुमार गुप्ता, डॉ. अरुण सिंह, विपनेश पांडे, भुवनेश्वर शास्त्री, राका शर्मा, वैभव उपाध्याय, डॉ. कुमार, विजय सोनी और दरोगा दिवाकर विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

ट्रेनों में क्षमता से चार गुना यात्री, जनरल कोच में पैर रखने तक की जगह नहीं

गोंडा। दीपावली का त्योहार परिवार के साथ मनाने की चाह में महानगरों से घर लौट रहे यात्रियों की भीड़ ने रेल व्यवस्था की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मुंबई, दिल्ली समेत देश के विभिन्न महानगरों से आने वाली ट्रेनों में यात्रियों का ऐसा सैलाब उमड़ रहा है कि जनरल कोचों में पैर रखने तक की जगह नहीं बच रही है। हालात यह हैं कि निर्धारित क्षमता से चार गुना तक यात्री सवार होकर सफर करने को मजबूर हैं। सीट पाने की उम्मीद छोड़ चुके यात्रियों को दरवाजों, गलियारों और शौचालय के पास खड़े होकर यात्रा करनी पड़ रही है। इससे न केवल यात्रियों की परेशानी बढ़ी है, बल्कि रेल हादसों का खतरा भी मंडराने लगा है।लखनऊ, कानपुर, झांसी, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, मुंबई, चेन्नई, अहमदाबाद, नई दिल्ली और जम्मूतवी समेत विभिन्न शहरों से आने वाली दर्जनों ट्रेनों में भारी भीड़ उमड़ रही है।

जनरल कोचों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। भीड़ के चलते यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और उतरने तक में मशक्कत करनी पड़ रही है। कई बार कोचों में जगह नहीं मिलने पर यात्री दरवाजों पर लटककर अथवा किसी तरह खड़े होकर सफर पूरा करने को विवश हैं।इस अव्यवस्था का असर दैनिक यात्रियों पर भी पड़ रहा है। नियमित रूप से कामकाज और अन्य जरूरी कार्यों के लिए यात्रा करने वालों को भी ट्रेनों में जगह नहीं मिल पा रही है। यात्री मकसूद अकरम, शैलेन्द्र कौशल श्रीवास्तव, मोतीलाल, प्रभाकर पांडेय, रजनी वाल्मीकि और उर्मिला देवी का कहना है कि दीपावली परिवार के साथ मनाने के लिए कामकाज के स्थानों से घर लौटना उनकी मजबूरी है। त्योहार की खुशियों के लिए भीड़ और असुविधाओं के बीच जोखिम भरा सफर करना पड़ रहा है।उधर, नियमित ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा सूची ने यात्रियों की चिंता और बढ़ा दी है।

स्थिति यह है कि पांच दिसंबर तक कई ट्रेनों में आरक्षित सीटें उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में यात्रियों के सामने त्योहार विशेष ट्रेनों का ही विकल्प बचा है। हालांकि भारी भीड़ के बीच इन ट्रेनों में भी जगह मिलना आसान नहीं है।त्योहार पर घर पहुंचने की जल्दबाजी और ट्रेनों में सीमित जगह के बीच यात्रियों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में रेलवे के सामने अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन के साथ जनरल कोचों में भीड़ नियंत्रित करने और यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने की चुनौती खड़ी हो गई है।

नदी में डूबने से युवक की मौत, दूसरे दिन मिला शव



कैसरगंज ,बहराइच। कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोडहिया नंबर तीन के मजरे चंद्रदेव पुरवा निवासी 27 वर्षीय युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। रविवार शाम खेत से घर लौटते समय वह नदी के गहरे पानी में डूब गया। सोमवार सुबह उसका शव नदी में उतराता मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंद्रदेव पुरवा निवासी वीरेंद्र चौहान 27 पुत्र राधेश्याम रविवार शाम नदी के उस पार स्थित अपने खेत पर गया था। खेत से वापस लौटते समय वह नदी के गहरे पानी में डूब गया। देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों और ग्रामीणों को चिंता हुई। पूरी रात परिजन व पुलिस उसे खोजने मे वगी रही। सोमवार सुबह नदी में उसका शव उतराता दिखाई दिया। शव मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। कैसरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि घटना की गहनता से जांच की जा रही है।

सड़क पार कर रही सात वर्षीय बच्ची को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

करनैलगंज, गोण्डा। क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुर टिकुरी में सोमवार सुबह करीब 11 बजे सड़क पार कर रही सात वर्षीय बच्ची को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक डॉ. इमरान मोईद ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत बालिका की पहचान आरोही (7) पुत्री अर्जुन निवासी प्रतापपुर टिकुरी के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक अभय सिंह ने बताया कि दुर्घटना में शामिल बाइक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जायेगी।

जिलाधिकारी ने किसानों का माला पहनाकर किया स्वागत एवं अभिनंदन



बहराइच । खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अन्तर्गत मूल्य समर्थन योजना के तहत जनपद में धान व मक्का खरीद कार्य का जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शुभारम्भ किया। डीएम ने मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद के साथ कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर सलारपुर पहुंचकर विधिवत् पूजा-अर्चना तथा तौल कांटें की पूजा के उपरान्त क्रय एजेन्सी खाद्य एवं रसद विभाग के धान क्रय केन्द्र का उदघाटन किया। धान क्रय केन्द्र पर मौजूद ग्राम कमोलिया निवासी कृषक कुंवर बहादुर पांडे की उपज 60 कु., हृदय राम तिवारी व राजकुमार की 40-40 कु., ग्राम पकड़ी कला नि. राम दयाल शुक्ला की उपज 70 कु. व ग्राम जोहरा नि. हेमंत वर्मा की 40 कु. उपज की तौल करायी तथा क्रय केन्द्र पर आये कृषकों का जिलाधिकारी ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में धान खरीद प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुगमता के साथ संपन्न कराई जाए। क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखी जाएं, जिससे उन्हें अपनी उपज की बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि क्रय केंद्रों पर किसानों के बैठने, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही किसानों को धान बिक्री के लिए अनावश्यक रूप से प्रतीक्षा न करनी पड़े तथा खरीद से संबंधित सभी अभिलेखों का नियमानुसार रख-रखाव किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा और हित सर्वोपरि हैं। धान खरीद में शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी श्री पाण्डेय ने कहा कि किसानों की सुविधा और हित सर्वोपरि हैं। धान खरीद में शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की है कि अपनी उपज धान को सूखा कर क्रय केन्द्र पर लाएं तथा बिक्री हेतु शासन द्वारा निर्धारित पोर्टल एफसीएस डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर अपना पंजीकरण अवश्य करा लें ताकि तहसीलों द्वारा समय से सत्यापन की कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी रूपेश सिंह, ए.आर. को-आपरेटिव डी.के. सिंह, जिला प्रबंधक पीसीएफ, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी प्रदीप तिवारी व श्रीमती अमिता कुमारी, विपणन निरीक्षक पवन कुमार सिंह व श्रीमती शालिनी त्रिपाठी उपस्थित रहीं।

एक नजर

गिरंट समिति पर खाद लेने के लिए किसानों की उमड़ी भीड़



गिरंट बाजार श्रावस्ती । बहु उद्देशीय ग्रामीण साधन सहकारी समिति हरदत्त नगर गिरंट पर अचानक किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी 80 त्न धान कटाई के बाद दो दिन पहले हुए बारिश होने की वजह से किसान तेलहन दलहन गेंहू मक्का बोवाई करने के लिए बेताब हो रहे हैं। ऐसे में डीएपी खाद यूरिया खाद लेने के लिए किसान सुबह से लाइन लगाकर ख?ड़े हो गये। सचिव आनंद सिंह व खाद विक्रेता मनीष सिंह , चौकीदार बछराज यादव किसानों की भीड़ देखकर किसान फार्मर आईडी को लेकर किसानों के आवश्कता अनुसार किसानों को समझा बुझाकर खाद देते रहे। सचिव आनंद सिंह ने किसानों को समझाया कि परेशान होने की जरुरत नहीं है जो मिल रहा उसे ले जाओ खाद की किल्लत नहीं है दो दिन बात खाद फिर आ जायेगी फिर ले जाना आप सबके सहयोग से ही हम आप सभी का सहयोग कर पायेंगे धीरज रक्खो खाद मिलेगी परेशान होने की जरुरत नहीं है।

सड़क दुघर्टना में एक महिला मौत दो घायल

गिरन्ट बाजार श्रावस्ती। थाना हरदत्तनगर गिरन्ट क्षेत्र अन्तर्गत रविवार रात स्कूटी और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस जोरदार टक्कर में दोनों वाहन सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसमें एक महिला की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार थाना हरदत्तनगर नगर गिरन्ट क्षेत्र के रानीसीर पेट्रोल पम्प के पास पूर्णिमा यादव उम्र 30 वर्ष पुत्री इन्द्र बहादुर यादव निवासी सुल्तानपुर व पूर्णिमा पाल उम्र 27 वर्ष पुत्री जगतराम निवासी लखीमपुर खीरी जो मल्हीपुर के एक एनजीओ में काम करती थी।एक्टिवा स्कूटी पर सवार होकर मल्हीपुर से बहराइच जा रही थीं। तभी टीवीएस राइडर बाइक पर उम्मेदपुरवा निवासी शेरू खान पुत्र अहमद खान जो बदला चौराहे से मल्हीपुर जा रहे थे। पेट्रोल पंप के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई।स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर पहुंचाया। वहां इलाज के दौरान पूर्णिमा यादव की मौत हो गई।

उपनिरीक्षक व आरक्षी का हुआ तबादला

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक ने 10 एसआई और सिपाही का तत्काल प्रभाव से तबादला किया है। पुलिस विभाग ने बताया कि आदेश के मुताबिक, कुछ पुलिसकर्मियों को चौकियों का प्रभारी बनाया गया है, जबकि कुछ को थानों में नई तैनाती मिली है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक रमन कुमार वर्मा को सिरसिया थाने की राजपुर मोड़ चौकी का प्रभारी बनाया गया है। सिरसिया थाने में तैनात मनोज कुमार को भिनगा कोतवाली की लक्ष्मणपुर चौकी की जिम्मेदारी दी गई है।पुलिस लाइन से मंदीप यादव को श्रावस्ती चौकी थाना एनएमपीटी भेजा गया है। उमेश वर्मा को गिलौला से सेमरी तरहर चौकी थाना इकौना, अतुल कुमार वर्मा को भिनगा कोतवाली से न्यायालय चौकी और सिद्धार्थ जायसवाल को बंठीहवा चौकी से कस्बा चौकी का प्रभारी बनाया गया है। कस्बा चौकी प्रभारी मो. शमशाद अली को बंठीहवा चौकी भेजा गया है। बाबूराम को थाना एनएमपीटी में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात किया गया है। पुलिस लाइन से गौरव कुमार शाही को हरदत्तनगर गिरंट और मो. सरफराज खान को सिरसिया थाने भेजा गया है।

मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में वकील अहमद ने प्राप्त किया प्रथम पुरस्कार



श्रावस्ती। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशनलाल पुष्कर ने बताया है कि जनपद के ग्राम-राजा नगर, भिनगा निवासी श्री वकील अहमद पुत्र श्री फकीर बक्स ने मंडल मुख्यालय देवीपाटन मण्डल, गोंडा में आयोजित मंडल स्तरीय माटीकला पुरस्कार प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें रू0 15,000 (रूपये पन्द्रह हजार मात्र) की पुरस्कार राशि, शील्ड एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वकील अहमद मिट्टी से विभिन्न प्रकार की आकर्षक मूर्तियाँ, बर्तन एवं अन्य कलात्मक वस्तुएँ बनाने में विशेष दक्षता रखते हैं। उनकी मेहनत, लगन, रचनात्मकता और उत्कृष्ट कारीगरी उनकी कला को विशिष्ट पहचान प्रदान करती है। उन्होंने अपनी प्रतिभा के माध्यम से पारंपरिक माटीकला को नई पहचान दिलाने का सराहनीय कार्य किया है।मंडल स्तरीय माटीकला पुरस्कार प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करना श्री वकील अहमद की प्रतिभा एवं निरंतर परिश्रम का सम्मान है।

डीएम ने मंडी समिति स्थित धान क्रय केंद्र का पूजन कर, धान खरीद का किया शुभारम्भ

बलरामपुर। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत धान खरीद की प्रक्रिया का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने मंडी समिति स्थित धान क्रय केंद्र पर किया। जिलाधिकारी ने विधि-विधान के साथ तौल मशीन का पूजन कर धान खरीद का शुभारंभ किया तथा क्रय केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने धान विक्रय के लिए क्रय केंद्र पर पहुंचे कृषक का माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। कृषक से संवाद करते हुए धान खरीद की प्रक्रिया, क्रय केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं एवं किसी प्रकार की समस्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की। धान खरीद को सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कुल 37 धान क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के 13, पीसीएफके 10, यूपीएसएस के 13 तथा भारतीय खाद्य निगम का 01 क्रय केंद्र शामिल है। शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के अधिक से अधिक कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी 37 क्रय केंद्रों पर धान खरीद की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई जाए, कृषकों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

पोस्टआफिस में पंजीकृत डाक(रजिस्ट्री) सेवा शुरू कराये जाने की मांग

तुलसीपुर/बलरामपुर। भारतीय डाक विभाग की पंजीकृत डाक (रजिस्ट्री) सेवा बंद किए जाने से आम नागरिकों, विशेषकर मध्यमवर्गीय एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। इस समस्या को लेकर समाजसेवी शुकदेव चौरसिया ने केंद्रीय संचार एवं डाक मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र भेजकर पंजीकृत डाक सेवा पुन: बहाल किए जाने की मांग की है। पत्र द्वारा कहा गया है कि पूर्व में आम नागरिक लगभग 26 रुपये के शुल्क में देश के किसी भी कोने में महत्वपूर्ण दस्तावेज, न्यायालय संबंधी पत्रावली, बैंक चेक एवं अन्य आवश्यक कागजात पंजीकृत डाक से भेज सकते थे। यह सेवा कम खर्च में सुरक्षित और विश्वसनीय डाक प्रेषण का माध्यम थी। लेकिन रजिस्ट्री सेवा बंद कर उसके स्थान पर स्पीड पोस्ट सेवा को प्रभावी किए जाने से आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड रहा है। बताया कि स्पीड पोस्ट के लिए न्यूनतम 55 रुपये अथवा उससे अधिक शुल्क देना पडता है। इसके बावजूद गंतव्य तक डाक पहुंचने की सुनिश्चित समय-सीमा को लेकर उपभोक्ताओं में असमंजस बना रहता है।